## खबर संक्षेप

### खेतों से केबल चोरी के पांच आरोपित दबोचे

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव कालवन खेतों से सबमर्सिबल केबल चोरी करने के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव कालवन निवासी सुखमीत ने गत 21 अक्टूबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती रात चोरों ने उसके तथा पड़ोसी किसानों के खेतों से केबलों को चोरी कर लिया।

### कोचिंग के लिए निकली युवती संदिग्ध हालात में लापता, केस

**जींद।** कोचिंग के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना इलाके के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 19 वर्षीय पोती घर से कोचिंग सेंटर के लिए निकली थी। जिसके बाद वापस नही लौटी।

### राजेंद्रा कालोनी में किया जागरण का आयोजन

**उचाना।** राजेंद्रा कालोनी में पूर्व पार्षद प्रतिनिधि एवं समाज सेवी विकास मखंड के यहां आयोजित माता के जागरण में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। ज्योति प्रज्जवलित करके जागरण की शुरूआत की। जागरण में सुंदर-सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। पूजा सावरियां, मोनू दहिया, पंकज गोयल, शिवम गोयल ने पूरी रात माता के भजनों का गुणगान किया।

### निगरानी समिति की बैठक तीन नवंबर को

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आगामी तीन नवंबर को दोपहर बाद दो बजे होनी निश्चित हुई है। इस बैठक की अध्यक्षता सिरसा लोकसभा की सांसद कुमारी शैलजा करेंगीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक से संबंधित सभी प्रकार की तैयारी कर निश्चित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए आवेदन पंद्रह तक

**जींद।** केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण व आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर तय की है। प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए तय शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले 15 तक आवेदन जमा करवा सकते हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से वर्ष 2006 में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए पीएम पुरस्कार नाम से एक योजना शुरू की थी।

### गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में गुरमत समागम आज होगा

**जींद।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में गुरु तेग बहादुर के 350 साला शहीदी दिवस को समर्पित महान गुरमत समागम का आयोजन शनिवार को सुबह 10 बजे से चार बजे तक किया जाएगा।
समागम हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सानिध्य में होगा। प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगदीश सिंह झींडा व सरदार करनैल सिंह का इसमें सहयोग रहेगा।

## जिला बार एसोसिएशन में दो नए जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का हुआ अभिनंदन

# बार और बेंच का रिश्ता आपसी विश्वास व सुलभ न्याय प्रकिया पर टिका: न्यायमूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला बार एसोसिएशन करनाल की ओर से पदोन्नत हुए दो वरिष्ठ न्यायाधीश डा. सुशील गर्ग और डा. गगनदीप कौर सिंह के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन बार रूम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करनाल जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा ने शिरकत की। डा. सुशील गर्ग को नूंह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि डा. गगनदीप कौर सिंह करनाल फेमिली कोर्ट में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के तौर पर सेवाएं देंगी। समारोह में बार एसोसिएशन प्रधान सुरजीत मढाण, राजकुमार चौहान (हरियाणा-पंजाब बार काउंसिल सदस्य), उपप्रधान नीतिन भारद्वाज, महासचिव नवीन कुमार राणा, संयुक्त सचिव संगीता रानी, डीएस मान, जगमाल सिंह जटान, बालकिशन शर्मा, विनय बंसल, कैलाश बजाज, दीपक सचदेवा और चांदवीर मढाण सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।



करनाल। न्यायाधीश डा. सुशील गर्ग और डा. गगनदीप कौर सिंह का अभिनंदन करते अधिवक्ता।

**दो न्यायधीधों को यहां मिली नियुक्ति**

- डा. सुशील गर्ग को नूंह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया
- डा. गगनदीप कौर सिंह करनाल फेमिली कोर्ट में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के तौर पर सेवाएं देंगी
- दोनों जजों के सम्मान में अभिनंदन समारोह हुआ

**युवा वकीलों को किया प्रेरित**

न्यायमूर्ति अजय कुमार शारदा रहे मुख्य अतिथि, कहा "बार और बैंच का रिश्ता आपसी विश्वास पर टिका है" अपने संबोधन में डा. सुशील गर्ग ने कहा कि "समस्याएं सभी के जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन धैर्य, योग्यता और ईमानदारी से उनका समाधान संभव है।" उन्होंने करनाल में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां के अधिवक्ता अत्यंत सहयोगी व अनुशासित हैं। प्रधान सुरजीत मढाण ने कहा कि डा. सुशील गर्ग की कार्यशैली ने करनाल बार को नई दिशा दी है और उनके मार्गदर्शन से युवा वकीलों को प्रेरणा मिली है।

# दिव्यांगों को अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया


करनाल। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

- दो दिवसीय खंड स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षकों व अभिभावकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजकीय कन्या आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रेलवे रोड में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिव्यांग जनों के अधिकारों और सुविधाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन प्रधानाचार्य एवं खंड संसाधन समन्वयक मोहिन्द्र सिंह नरवाल ने किया।

**तीस अध्यापक कार्यक्रम में रहे मौजूद**


इस कार्यक्रम में खंड करनाल के विभिन्न विद्यालयों से 30 अध्यापक, 10 दिव्यांग बच्चों के अभिभावक, एसएमसी सदस्य और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रवक्ता प्रीति चतुर्वेदी और कंप्यूटर साइंस प्रवक्ता सिमरन चौधरी ने समावेशी शिक्षा, सहायक उपकरणों के प्रकार और आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम से मिली जानकारी को वे अपने विद्यालयों और समुदाय में लागू करेंगे।

# शन्तिवन गोशाला में गोपाष्टमी का पर्व 30 को बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा

- महामंडलेश्वर स्वामी अद्वैत स्वरूप जी करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी हर बार की भांति इस साल भी शान्तिवन गोपाल गौशाला तरावड़ी मे गोपाष्टमी का पावन पर्व 30 अक्टूबर वीरवार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शांतिवन गोपाल गौशाला के अध्यक्ष राकेश गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी अद्वैत स्वरूप जी के सानिध्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विधायक भगवानदास कबीरपंथी व डबल चाबी बासमती चावल के सीएमडी बृजभूषण गोयल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।


तरावड़ी। जानकारी देते हुये गौशाला के प्रधान राकेश गर्ग, मुकेश गर्ग व अन्य

**कार्यक्रम की बनाई रूपरेखा**

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवशक्ति इंटरग्लोब एक्सपोर्ट प्रा. लि. सीएमडी रमेश गुप्ता करेंगे। मार्केट कमेटी के उपाध्यक्ष राजीव नारंग विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस अवसर पर खैराती लाल एंड पार्टी करनाल की ओर से भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जाएगा। इसके पश्चात भोजन प्रसाद का भंडारा किया जायेगा। गोपाल गौशाला शांतिवन के प्रधान राकेश गर्ग ने शहर के लोगों से अपील की कि वह गोपाष्टमी के पावन पर्व पर कार्यक्रम में पहुंचकर गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त करें। शांतिवन गोपाल गौशाला के अध्यक्ष राकेश गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी अद्वैत स्वरूप जी के सानिध्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुकेश गर्ग, सुशील कुमार, संजय बंसल आदि रहे।

### आरकेएसडी स्कूल के विहान का नेशनल जूडो में चयन, दी बधाई

**कैथल।** आरककेएसडी स्कूल के विहान ने जूडो में प्रथम स्थान प्राप्त करते नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। दसवीं के छात्र विहान ने ओपन सब जूनियर ट्रायल में 45 किलो ग्राम वर्ग में अन्य प्रतिभागियों को पछाड़ते प्रथम स्थान प्राप्त किया यह ट्रायल 'जेएफ आई फेडरेशन के द्वारा 18 अक्टूबर को असंध (करनाल) में आयोजित किया गया। शारीरिक शिक्षक पवन शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में विहान ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अब वह 16 से 20 नवंबर तक हैदराबाद में होने वाले नेशनल जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विहान की इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने उसे बहुत शुभकामनाएं दी और भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित किया। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन अश्विनी शोरे वाला व प्रधान सरल शांत मंगल ने भी विहान का हौसला बढ़ाया।

# पेड़ पौधे प्रकृति संतुलन बनाए रखने में निभाते है अहम भूमिका: एसएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री थाने के प्रांगण मे पर्यावरण संरक्षण अभियान को गति देने के लिए एसएचओ विपिन कुमार ने कपूर का पौधा लगाकर लोगों को जड़ी बूटियां लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार है,पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पेड़ पौधे प्रकृति संतुलन बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार पर्यावरण असंतुलन के कारण धरती पर आपदाएं आ रही है। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति की तरफ अपने जीवन को मोडन्ना पड़ेगा तभी जाकर धरती मां पर सभी का जीवन सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए ।


इंद्री। इंद्री थाने के प्रांगण मे पौधारोपण करते थाना प्रभारी विपिन कुमार व अन्य। ।

**पर्यावरण प्रदूषण पर जताई चिंता**

इस अवसर पर्यावरण मित्र महिंद्र कुमार ने कहा कि भौतिक सुविधाओं के कारण मनुष्य प्रकृति से दूर होता जा रहा है जो की अत्यंत चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण का सवाल सबसे महत्वपूर्ण है। पूरी दुनिया में पर्यावरण असंतुलन को लेकर गंभीर विमर्श चल रहा है। पर्यावरण विज्ञानी लगातार पूरे संसार को पर्यावरण व संतुलन के कारण होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत करा रहे हैं । उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य बनता है कि वे पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण का संरक्षण करें । इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश, नरेंद्र, मुकेश कुमार व रविंद्र शिल्पी उपस्थित रहे।



# अव्यवस्थित ढंग से लगे पोल जनसुरक्षा के लिए बना खतरा

जींद। सफीदों उपमंडल अधिकारी पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि शहर के महात्मा गांधी रोड पर सड़क के बीचोंबीच लगे बिजली के पोलों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिससे नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। उपमंडल मजिस्ट्रेट ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित विभागों को बीएनएसएस की धारा 152 के तहत निर्देश जारी कर कहा कि महात्मा गांधी रोड पर लगे बिजली के पोलों को 10 नवंबर तक शिफ्ट करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। एसडीएम ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन द्वारा कई बार निरीक्षण किया गया है। इस संबंध में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सफीदों शहर के उपमंडल अभियंता तथा नगर पालिका सचिव के साथ पूर्व में कई बार मौखिक रूप से भी कहा जा चुका है इसके अलावा बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं। इसके बावजूद भी संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सड़क के बीच लगे बिजली के पोलों को समय पर शिफ्ट नहीं किया गया तो इससे होने वाली किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। उन्होंने इसे सार्वजनिक उपद्रव की श्रेणी में बताया। उन्होंने कहा कि प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# विधिक सेवा प्राधिकरण ने पराली को लेकर दी प्रबंधन व कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कैम्पेन "हार्वेस्टिंग हारमनी" के तहत जिलेभर के विभिन्न विद्यालयों में कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित किए गए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि शिविरों में पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और पराली प्रबंधन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इंस्पेक्टर राजेश लता ने देव वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय, न्यू आदर्श पब्लिक स्कूल, विक्टर इंटरनेशनल स्कूल और आशदीप पब्लिक स्कूल बरसत में छात्रों को संबोधित किया।



**पर्यावरण प्रदूषण पर जताई चिंता**

उन्होंने विद्यार्थिसे कहा कि वे पराली जलाने के दुष्परिणामों को समझें और अपने माता-पिता व गांववासियों को इस बारे में जागरूक करें। इस दौरान छात्रों को पोक्सो अधिनियम, दुर्गा शक्ति एप, साइबर अपराध, नशा निषेध और हेल्पलाइन नं. 112 की जानकारी दी गई। इसी श्रृंखला में प्राची व पूजा वर्मा, पैरा-लीगल वालंटियर, ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय नेवल में भी साक्षरता शिविर आयोजित किया। डा. इरम हसन ने कहा कि किसानों को पराली प्रबंधन के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए ताकि पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके। उन्होंने हालसा, पंचकूला द्वारा प्रकाशित कानूनी और सामाजिक विषयों पर आधारित पुस्तकों का वितरण भी किया।

# फर्जी गेट पास प्रकरण में तीन अधिकारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा में बाजरा खरीद प्रक्रिया में सामने आई अनियमितताओं के बीच करनाल मंडी में फर्जी गेट पास जारी करने का बड़ा मामला उजागर हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस गंभीर गड़बड़ी पर सख्त रुख अपनाते हुए तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, करनाल मार्केट कमेटी के ई-खरीद पोर्टल पर बाजरा खरीद के दौरान अलग-अलग आईपी एड्रेस का उपयोग करते हुए कई फर्जी गेट पास जारी किए गए थे। विभागीय जांच में यह आरोप सही पाए गए, जिसके बाद यह मामला सरकार के संज्ञान में आया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

**मामले की जांच होगी**

जांच के दौरान बाजरा खरीद से संबंधित रिकॉर्ड में हेराफेरी की पुष्टि होने पर करनाल मार्केट कमेटी के तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है। निलंबित अधिकारियों में —
1. हरदीप (मंडी सुपरवाइज़र),
2. अश्वनी (मंडी सुपरवाइज़र)
3. सतबीर (ऑक्शन रिकॉर्डर)

शामिल हैं। इन अधिकारियों पर किसानों के नाम से झूठे एंट्री पास बनाकर फर्जी खरीद दिखाने का आरोप है। बताया गया है कि कुछ गेट पास ऐसे किसानों के नाम से जारी किए गए जो वास्तविक रूप से मंडी में उपस्थित ही नहीं थे। मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि किसानों की मेहनत और फसल का दाम किसी भी हाल में प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि "किसान हित सर्वोपरि है, खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की धांधली या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पूर्व सीएम मनोहर लाल के बयान पर कांग्रेस ने किया कड़ा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के हालिया कथन को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि और शहरी कांग्रेस अध्यक्ष पराग गाबा ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि जो लोग कहते हैं कि बाबा साहेब ने संविधान नहीं लिखा, वे संविधान की मूल भावना से अनजान हैं। यही संविधान प्रत्येक भारतीय को समान अधिकार और सम्मान देता है। लोकतंत्र के मंदिर में बैठकर उसके निर्माता का अपमान अस्वीकार्य है

दोनों नेताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं, बल्कि भारत की आत्मा हैं, जिन्होंने सदियों से वंचित समाज को आवाज दी।




**संविधान को बताया भारत की आत्मा**

उन्होंने कहा, मनोहर लाल खट्टर जी का कथन दलित समाज ही नहीं, बल्कि संविधान में आस्था रखने वाले हर नागरिक का अपमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि लोकतंत्र की नींव आंबेडकर की कलम ने रखी।"दोनों नेताओं ने कहा कि जब व्यक्ति सत्ता के अहंकार में डूब जाता है तो उसे इतिहास और मर्यादा दिखाई नहीं देते। यह आत्ममंथन का समय है, न कि अपमान का। अंत में कहा, संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि समानता और सम्मान का प्रतीक है। जो लोग इसकी गरिमा पर आघात करते हैं, वे लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. नवजोत कश्यप (महिला कांग्रेस अध्यक्ष), रोहित जोशी, रजत लाठर (युवा कांग्रेस अध्यक्ष), ललित आहूजा, जसबीर पानू, तेजी मान, बंटी मा, शारदा सिंधु सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नशा न करने बारे किया जागरूक

**कैथल।** नगर के सभी वार्डों में डोर टू डोर अभियान चलाकर युवाओं सहित आमजन को नशा न करने के बारे में जागरूक किया। जागरूकता टीम में इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील, महिला सिपाही किस्मत व सोनिया, एसपीओ राजपाल, व जसविंदर शामिल रहे। अभियान में पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने व खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना था। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा, जो देश के भविष्य है।

## स्वामी ज्ञानानंद जी ने दिया आशीर्वाद

# स्वस्थ भारत मिशन के अंतर्गत योग और भक्ति का दिखा अनोखा संगम

- श्री कृष्ण कृपा धाम, सेक्टर-9 में हुआ विशेष आयोजन, दिनेश गुलाटी ने किया संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मिशन "स्वस्थ भारत" के अंतर्गत श्री कृष्ण कृपा धाम सेक्टर-9 में शुक्रवार को एक विशेष योग एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



स्वामी ज्ञानानंद जी ने योग साधकों को धर्म, योग और जीवन के गूढ़ सिद्धांतों से अवगत कराया और कहा कि "सनातन धर्म सर्वोच्च धर्म है, जो मानवता, अनुशासन और साधना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का माध्यम है, जो समाज में समरसता और सद्भावना बनाए रखने में सहायक है।

**ये रहे मौजूद**

स्वामी ज्ञानानंद जी ने मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी की सराहना करते हुए कहा कि वे किसी भी परिस्थिति में 'स्वस्थ भारत मिशन' को निरंतरता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर दिनेश मराठी ने योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया, जबकि शिक्षिका शिवानी कंबोज ने सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में नीलम बटला, नवीन जिंदल, रश्मि जिंदल, राजिंद्र पपनेजा, नरेश चौधरी, एनएफ चौधरी, राधिका भाटिया और कोमल कंबोज सहित कई योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

